Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006
Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal,Maheshwari Smt. Kiran

>

Title: Regarding need to develop Museum in Udaipur city in Rajasthan.

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिये अवसर दिया,उसके लिये धन्यवाद। राजस्थान की धरती..(व्यवधान)..

MR. SPEAKER: Shrimati Kiran Maheshwari, you are from the beautiful city of Udaipur. But you have never asked me to come there.

श्रीमती किरण माहेश्वरी : अध्यक्ष महोदय,आप कभी हमारे शहर उदयपुर में आइये।

श्री गिरधारी लाल भार्गव : अध्यक्ष महोदय,आप उदयपुर के साथ साथ जयपुर में भी पधारें.।

श्रीमती किरण माहेश्वरी : अध्यक्ष महोदय, मै आपका आभार व्यक्त करती हूं। मैं एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण विाय आपके समक्ष रखना चाहती हूं। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहती हूं कि राजस्थान की धरती शूरवीरों और वीरांगनाओं की धरती है।[s20] उस धरती का इतिहास अगर हम देखें, खासकर अगर हम दक्षिणी राजस्थान को देखें तो उसे कहा जाता है कि यह धरती शक्ति और भक्ति की धरती है। महाराणा प्रताप के रूप में वहां शक्ति को देखते हैं तो वीरांगना मीराबाई की भक्ति के रूप में भी उस धरती को देखा जाता है। जहां केन्द्र सरकार संग्रहालयों को बढ़ावा देने की बात करती है और कहती है कि हम अपने बजट के द्वारा संग्रहालय बना रहे हैं, वहां मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहती हूं कि हमारे राजस्थान के अंदर संग्रहालयों के लिए विशेा बजट रखा जाए ताकि वीरांगनाओं तथा शूरवीरों से जुड़ा हुआ जो वहां का इतिहास है, उस इतिहास को आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी याद के रूप में रख सके, उन्हें प्रेरणा मिले और वे उत्साहित हों. इसके लिए बहुत जरूरी है कि वहां भक्ति की देवी मीरा के नाम पर एक संग्रहालय बने। मेरा संसदीय क्षेत्र उदयपुर जिसके बारे में आपने भी कहा कि बहुत ही सुन्दर शहर है, उस शहर का इतिहास भी वीरता और भक्ति का रहा है। पूरे देश में कहीं भी मीरा पर संग्रहालय नहीं है। इसलिए मैं आपसे निवेदन करती हूं कि उदयपुर में मीरा का एक संग्रहालय बनाया जाए तो यह केन्द्र सरकार की एक बड़ी उपलब्धि होगी। इससे हम अपने इतिहास को भी नहीं भूलेंगे और यही निवेदन मैं आपके माध्यम से करना चाहती हूं।

श्री गिरधारी लाल भार्गव : महोदय, भक्त मीरा का नाम आया है, इसलिए मैं भी इस मांग से अपने को असोसियेट करता हूं।

MR. SPEAKER: There is nobody in India who does not like Mira Bai's bhajans. We all admire the bhajans.

श्रीमती किरण माहेश्वरी : अध्यक्ष महोदय, आप कृपया सरकार को इसके लिए कहें।

अध्यक्ष महोदय : हमने बोल दिया है।